कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, सूरजपुर वनमण्डल सूरजपुर (छ.ग.)

Phone No. (07775)-266992 (O) **E-mail Id -dfosurajpur@gmail.com**

क्रमांक/मा.चि./ 3046 सूरजपुर, दिनांक/ 15 / 05 /2023

प्रति,

महाप्रबंधक

एस.ई.सी.एल. भटगांव क्षेत्र ।

विषय :– **Diversion of forest land for non-forest purpose under Forest Concervation Act, 1980 proposed for diversion of 230.78 Ha. of Forest land (63.93 Ha. Protected Forest & 166.85 Ha. Revanue Forest land) for Coal Mining in Bhatgoan UG Mine of SECL, Bhatgaon Area in Surajpur District of Chhattisgarh, – पंजीयन क्रमांक– FP/CG/MIN/39553/2019**

संदर्भ :– मुख्य वन संरक्षक सरगुजा वनवृत्त अम्बिकापुर का पत्र क्रमांक/मा.चि./न.क्र. –154/2023/2922 दिनांक 09.05.2023

––00––

विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र द्वारा वनभूमि व्यपवर्तन प्रकरण भटगांव भूमिगत खदान, एस.ई.सी.एल. भटगांव क्षेत्र, वनक्षेत्र रकबा 230.780 हे. (वनभूमि 63.930 हे.+ राजस्व वनभूमि 166.850 हे.) में वन संरक्षण अधिनियम 1980 के दिशा–निर्देशों के अनुरुप गैर वानिकी कार्य हेतु नवीन चेकलिस्ट अनुसार व्यपवर्तन प्रस्ताव मुख्य वन संरक्षक सरगुजा वनवृत्त अम्बिकापुर को प्रस्तुत किया गया था।

उपरोक्त व्यपवर्तन प्रकरण में मुख्य वन संरक्षक सरगुजा वनवृत्त अम्बिकापुर के द्वारा दिनांक 09.05.2023 को प्रकरण में आवेदित प्रस्तावित वनक्षेत्र 230.780 हे. का मौके पर स्थल निरीक्षण दरम्यान पाया गया कि प्रकरण के आवेदित क्षेत्र के डी.जी.पी.एस. सर्वेक्षण रिपोर्ट में संलग्न वनक्षेत्र के नक्शे में दर्शित पीलर क्रमांक एवं उक्त पीलर हेतु दर्शित अक्षांश एवं देशांस अनुसार स्थल पर पीलर स्थापित किया जाना नहीं पाया गया। जिसके कारण आवेदित क्षेत्र का स्थल निरीक्षण किया जाना संभव नही हो सका।

उक्त प्रकरण में आपको निर्देशित किया जाता है कि प्रकरण में आवेदित वनक्षेत्र की सीमा में डी.जी.पी.एस. सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार पीलर (पीलर क्रमांक एवं अक्षाशं देशांस अंकित कर) तत्काल लगावें। तथा पीलर लगाने के उपरांत सत्यापन हेतु वनपरिक्षेत्राधिकारी सूरजपुर के माध्यम से रिपोर्ट तत्काल प्रस्तुत करें। ताकि आवेदित क्षेत्र में पीलर लग जाने उपरांत ही आवेदित क्षेत्र का स्थल निरीक्षण किया जाना संभव होगा।

वनमण्डलाधिकारी
सूरजपुर वनमण्डल, सूरजपुर

पृ. क्रमांक/मा.चि./ 3047 सूरजपुर, दिनांक 15/05/2023

प्रतिलिपिः– वन परिक्षेत्राधिकारी सूरजपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित। आप उक्त व्यपवर्तित प्रकरण के आवेदित क्षेत्र के डी.जी.पी.एस. सर्वेक्षण रिपोर्ट में संलग्न वनक्षेत्र के नक्शे में दर्शित पीलर क्रमांक एवं उक्त पीलर हेतु आवेदक संस्थान के द्वारा पीलर स्थापित उपरांत स्थल का निरीक्षण कर रिपोर्ट इस कार्यालय में प्रस्तुत करे।

वनमण्डलाधिकारी
सूरजपुर वनमण्डल, सूरजपुर